जन संपर्क एवं मीडिया समन्वयक कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

प्रेस विज्ञप्ति 13 मई 2019

जामिया की कुलपति ने कुलाधिपति से विश्वविद्यालय के बारे में की बातचीत

मणिपुर की माननीय राज्यपाल और जामिया मिल्लिया इस्लामिया की कुलाधिपति डा नजमा हेपतुल्ला ने कुलपति प्रो नजमा अख़्तर से कल यहां मुलाक़ात के दौरान सलाह दी कि वह जामिया में उच्च गुणवत्ता वाले अकादमिक और प्रशासनिक बदलावों के लिए नयी पहल करें।

प्रो अख़्तर के पिछले महीने जामिया की कुलपति बनने के बाद, डा हेपतुल्ला के साथ उनकी पहली रू-बरू बातचीत हुई। जामिया के तक़रीबन 100 साल के इतिहास में यह पहला मौक़ा है जब विश्वविद्यालय की कुलपति और कुलाधिपति,
दोनों महिलाएं हैं।

मुलाक़ात के दौरान जामिया के बारे में विभिन्न मुद्दों पर दोनों के बीच बातचीत हुई। प्रो अख़्तर ने, डा. हेपतुल्ला को उन क़दमों के बारे में जानकारी दी, जो उन्होंने जामिया की कुलपति बनने के बाद से पिछले एक महीने में उठाए हैं।

डा. हेपतुल्ला ने जामिया की अकादमिक गतिविधियों में और सुधार लाने के लिए प्रो अख़्तर की तरफ से की जा रही कोशिशों की सराहना की और विश्वविद्यालय को अंतरराष्ट्रीय स्तर का संस्थान बनाने में हर मुमकिन मदद देने का भरोसा दिया।

कुलाधिपति ने एजेके एमसीआरसी जैसे जामिया के कुछ जाने माने केन्द्रों के प्रदर्शन में और ज़्यादा सुधार किए जा सकने के भी सुझाव दिए। उन्होंने सलाह दी कि मीडिया के क्षेत्र में अच्छा काम कर रहे एमसीआरसी के पूर्व छात्रों को इस केन्द्र की सलाहकार कमेटी में शामिल करें।

मशहूर सियासी हस्ती और अकादमिशियन, डा़ हेपतुल्ला, विख्यात विद्वान, स्वत्रंतता सेनानी और आज़ाद भारत के पहले शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आज़ाद की नातिन हैं।

अहमद अज़ीम
जनसंपर्क अधिकारी एवं मीडिया संयोजक